## न्यूज कार्नर

### सनातन विचार मंच की साधारण सभा संपन्न

**देवास।** सनातन विचार मंच की वार्षिक साधारण सभा सफलता पूर्वक देवास स्थित सरस्वती ज्ञानपीठ विद्यालय में संपन्न हुई। इस अवसर पर संस्थापक रवीन्द्र भारद्वाज के मार्गदर्शन में संस्था की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में संस्था के चुनाव अधिकारी ओमप्रकाश पाराशर की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष महेंद्र कुमार नागर, उपाध्यक्ष नवीन नहार, महासचिव एहते श्याम, कोषाध्यक्ष अलकेश दवडे, सहसचिव डॉ. योगेश वालिम्बे, संचालक मंडल दीपक जोशी (पूर्व मंत्री), डॉ. के.के. धूत, कमल बर्डिया, जितेंद्र वर्मा, जितेंद्र राठौर, प्रेमनाथ तिवारी, विशेष आमंत्रित सदस्य माखनलाल पटेल, पीपरी आश्रम के प्रबंधक कमलेश महाराज, मीडिया प्रभारी समरजीत सिंह जाधव नियुक्त किये गये। इस अवसर पर अमरजीत सिंह खनूजा, इन्द्रपाल सिंह मलिक, माखनलाल पटेल, सुरेंद्र मिश्रा, पवन जैन, गजेंद्र वर्मा, देवेंद्र राठौर, सतीश अग्रवाल, सागर जाटव, श्रीमती कमलेश भारद्वाज, राजू मैडम और माया जैन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### गायत्री यज्ञ अनुष्ठान में भक्तों ने दी आहूतियां



**सोनकच्छ।** गायत्री प्रज्ञापीठ पर चैत्र नवरात्रि के अवसर पर चल रहे गायत्री यज्ञ अनुष्ठान में सोमवार व मंगलवार को नगर व क्षेत्र की सुख समृद्धि की मंगल कामनाओं के साथ गायत्री मंत्र की आहूतियां दी गई। इस अवसर पर गायत्री परिवार के परिजन एवं नगर के वरिष्ठजन उपस्थित थे।

### तलरेजा का निधन



**देवास।** मनोहर लाल तलरेजा पुत्र एवं अनिल, राकेश भाई, तुषार व राज के काका विकास तलरेजा विक्की बुधवार को निधन हो गया। बुधवार शाम को सिविल लाइन स्थित निवास से जिनकी उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजनों व गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### शाला में धूमधाम से मना प्रवेश उत्सव

**खातेगांव।** शासकीय हाईस्कूल बुराडा में प्रवेश उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विशेष अतिथि श्रीमती लाड़की बाई गुर्जर एवं प्राचार्य मनोहर प्रसाद तिवारी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय प्राचार्य तिवारी ने विद्यालय की सुविधाओं की जानकारी अभिभावक व बच्चों को दी। तत्पश्चात विद्यालय में पधारे नवीन प्रवेशित छात्र-छात्राओं को माला पहनकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मिडिल स्कूल प्राचार्य शिवचरण यादव, शिवराम कलम, शेख शरीफ, हरिप्रसाद कुंडल, रजनी यादव, सलमान खान, योगेश शर्मा, अनिल कुमार चौरे, ओमप्रकाश पवार, संजीदा खान, जुनेद शेख आदि उपस्थित थे।


### अभाविप ने प्रोफेसर के खिलाफ किया प्रदर्शन

**कन्नौद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शासकीय महाविद्यालय कन्नौद में पदस्थ जुजर अली रंगवाला के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए कॉलेज मैदान से मुख्य मार्ग होते हुए विरोध रैली निकाली। साथ ही कन्नौद बस स्टैंड पर पुतला दहन किया। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि जुजर अली को सेवा से मुक्त किया जाए।

# मुख्यमंत्री का पुतला जलाने पहुंचे कांग्रेसियों को पुलिस ने खदेड़ा

## भागते हुए जलाया पुतला, पुलिस ने कई कांग्रेसियों को हिरासत में लिया, बाद में छोड़ा





**देवास।** बुधवार की दोपहर करीब 3 बजे उस समय सयाजी द्वार के सामने अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जब बड़ी संख्या में कांग्रेसी आए और मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला जलाने का प्रयास किया। हालांकि पुतला जलाने की संभावना को देखते हुए पहले ही बड़ी मात्रा में पुलिस बल मौके पर तैनात था। पुलिस ने कांग्रेसियों का खदेड़ा। हालांकि फिर भी कांग्रेसी पुतला जलाने में सफल हो गए। पुलिस ने दर्जनों कांग्रेसियों को हिरासत में लिया और कुछ देर बाद सभी को छोड़ दिया। गौरतलब है कि परिवहन विभाग की काली कमाई से करोड़ों की संपत्ति बनाने वाले पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा व उसके सहयोगी चेतनसिंह गौर, शरद जायसवाल को लोकायुक्त विशेष कोर्ट से जमानत मिलने एवं लोकायुक्त पुलिस द्वारा 60 दिन में चार्जशीट पेश नहीं करने को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी व शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी के आह्वान पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज वर्मा के नेतृत्व में सयाजी द्वार पर मुख्यमंत्री का पुतला जलाने का एलान किया गया था। इस पर सैकड़ों कांग्रेसी सयाजी द्वार पर इकट्ठा हो गए थे। वहीं बड़ी मात्रा में पुलिस बल भी तैनात था। कांग्रेसियों को खदेड़ने के लिए पुलिसकर्मियों के हाथ में डार्य कार्बन डाइआक्साइड के छोटे सिलेंडर थे। पुलिस ने इसी से स्प्रे कर कांग्रेसियों को तितर-बितर किया। हालांकि कांग्रेसियों ने भी दौड़ते हुए पुतला जलाने में सफलता अर्जित कर ली। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान एबी रोड पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई और एक तरफ का यातायात अवरुद्ध हो गया। आंदोलन में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र मालवीय, प्रदीप चौधरी, भगवानसिंह चावड़ा, रमेश व्यास, शौकत हुसैन, विक्रम मुकाती, नजर शेख, सुधीर शर्मा, संतोष मोदी, सलीम मामू, अनिल गोस्वामी, इम्तियाज शेख, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, दीपेश कानूनगो, राहुल पंवार, डॉ. रितेश शर्मा, दिग्विजय सिंह झाला, विश्वजीत सिंह चौहान, हिम्मतसिंह चावड़ा, राकेश शर्मा, संतोष सिंह बैस सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।



# पीड़ितों के बीच पहुंचे विधायक, शवों का नेमावर में होगा अंतिम संस्कार

## रात्रि में शवों को एमवाय अस्पताल में रखा जाएगा

**खातेगांव।** हरदा पटाखा फैक्टरी हादसे के बाद गुजरात पटाखा फैक्ट्री में दिल दहला देने वाली दुखद घटना में खातेगांव के ग्राम संदलपुर के 10 लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही विधायक आशीष शर्मा एवं शासन प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी मंगलवार रात्रि को ग्राम संदलपुर पहुंचे। विधायक ने जहां परिजनों को सांत्वना दी तथा हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। रात भर गांव में मातम पसरा रहा। ग्रामीण गुजरात गए अधिकारियों व संबंधितों से पल-पल की अपडेट लेते रहे। वहीं बुधवार सुबह भी विधायक शर्मा अपने साथियों के साथ पीड़ित परिजनों के बीच पहुंचे और मुलाकात की। विधायक शर्मा ने बुधवार शाम को चर्चा करते हुए बताया कि दूरी अधिक होने के कारण गुजरात से शव लेकर मध्यप्रदेश की सीमा में पहुंचे गए है, आते-आते रात्रि हो जाएगी और रात्रि में अंतिम संस्कार नहीं हो पाएगा। गुरुवार को अंतिम संस्कार हो पाएगा। विधायक ने बताया कि चूंकि देवास जिले में एक साथ इतने सारे शवों को आईस बॉक्स में रखने की सुविधा नहीं है, इसीलिए सभी शवों को इंदौर एम वाय अस्पताल की मर्चूरी में रखे है। गुरुवार सुबह शवों को इंदौर से संदलपुर लाया जाएगा। शवों का अंतिम संस्कार गुरुवार को नेमावर में किया जाएगा, जिसकी पूरी व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जा रही है। खातेगांव तहसीलदार अरविंद दिवाकर ने बताया कि पीड़ित परिजनों को शासन-प्रशासन की ओर से मिलने वाली हर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अंतिम संस्कार की समस्त तैयारी नेमावर तट पर की गई है, जहां पर नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस बल आदि को तैनात किया गया है।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी 7 को आएंगे

गुजरात पटाखा गोदाम हादसे के पीड़ितों से मिलने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी 7 अप्रैल को खातेगांव पहुंचेंगे। वे यहां मृतकों के परिजनों से मिलेंगे व उनसे चर्चा करेंगे। जानकारी के अनुसार पटवारी दोपहर 12 बजे ग्राम संदलपुर पहुंचेंगे।

## पूर्व विधायक कैलाश कुंडल भी पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे



**कन्नौद।** गुजरात की पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में खातेगांव के संदलपुर के 10 लोगों की मौत की जानकारी मिलने के बाद बुधवार को पूर्व विधायक कैलाश कुंडल, जनपद सदस्य गणेश राठौर व अन्य कांग्रेसजन पीड़ित परिजनों से मुलाकात करने पहुंचे। इस दौरान कैलाश कुंडल ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मृतक राकेश के परिवार में जो 3 वर्ष की बेटी बची है, उसके जीवन यापन की स्थायी व्यवस्था की जाए। मृतक शांटाबाई के बड़े बेटे संतोष के मुंह में गठान है, उसका निःशुल्क इलाज कराया जाए। सरकारी नौकरी दी जाए। फैक्टरी मालिक व जिन बिचौलियों के माध्यम से अधिक मजदूरी का लालच देकर गुजरात ले जाया गया, उनके खिलाफ गैर इरादातन हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए। पीड़ित परिवारों को स्थायी रूप से 5-5 एकड़ जमीन देकर बसाया जाए। नेमावर के पास 30 साल पहले जो औद्योगिक क्षेत्र बना था, उस पर बड़ा उद्योग शुरु किया जाए, जिससे क्षेत्र से पलायन करने वाले मजदूरों को यहीं काम मिल सके।

## माहेश्वरी समाज ने धूमधाम से मनाया गणगौर पर्व



**सोनकच्छ।** मंगलवार को माहेश्वरी महिला मंडल ने गणगोर पर्व धुमधाम से मनाया। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज धर्मशाला से बैंडबाजों के साथ निकली शोभायात्रा में इशर जी व गोराजी की प्रतिमाओं को सिर पर लेकर महिलाएं चल रही थी। यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई मां अन्नपुर्णा मंदिर पहुंची, जहां महिलाओं ने गणगौर को झाले देकर नृत्य किया। सोमवारिया में समाजसेवी स्व. रामनिवास बजाज परिवार की महिलाओं द्वारा ठंडाई पिलाकर यात्रा का स्वागत किया।

## शासकीय विद्यालयों में प्रवेश उत्सव मनाया

**पीपलरावां।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय धंधेड़ा में 1 अप्रैल को विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन कर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई। वहीं छात्र-छात्राओं को विशेष मध्यान्ह भोजन कराया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक अरुण कुमार धाकड़ ने किया एवं आभार शिक्षिका श्रीमती प्रियंका व्यास ने माना। इस मौके पर देवराज जायसवाल, सोनू नायक आदि उपस्थित थे।

# शासकीय कर्मचारी के साथ पहले की अभद्रता, बाद में मांगी माफी



**सोनकच्छ।** छोटी-छोटी बातों को लेकर आए दिन समाचार पत्रों की सुर्खियों में रहने वाला नगर का सिविल अस्पताल बुधवार को एक बार फिर चर्चा में आ गया। मरीज का उपचार कराने पहुंचे एक युवक ने ओपीडी की पर्ची बनवाते समय पर्ची बनाने वाले कर्मचारी के साथ अभद्रता करते गाली गलौज कर दी और मामला पुलिस थाने पहुंच गया। जहां आपसी समझाईश व आरोपी युवक के लिखित में माफीनामा देने पर मामला शांत हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार आमिन पिता शेखर रंगरेज निवासी चमन बाजार सोनकच्छ अपनी पत्नी का इलाज कराने सिविल अस्पताल पहुंचा था। इलाज से पूर्व ओपीडी की पर्ची बनाते समय पर्ची बना रहे कर्मचारी रामनिवास आदिवासी ने जब आमिन से उसकी पत्नी का नाम व बीमारी के बारे में पूछा तो वह अचानक भड़क गया और गाली गलौज कर बोला कि बीमारी के बारे में तुम पूछने वाले कौन होते हो?, हमको जो भी बताना होगा हम डॉक्टर को बताएंगे। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और आमिन ने गालियों की बौछार कर दी। देखते ही देखते अस्पताल के चिकित्सक व अन्य स्टाफ कर्मी एकत्रित हो गए और मामला पुलिस थाने पहुंच गया। इसी दौरान आपसी समझाईश व आमिन द्वारा उसके द्वारा की गई गलती का लिखित माफीनामा देने पर मामला शांत हुआ। इतना ही नहीं आमिन ने अस्पताल में पहुंच कर सभी के सामने हाथ जोड़कर कर्मचारी आदिवासी से मौखिक रुप से भी माफी मांगी है, जिसका वीडियो भी बनाया गया है। घटना की चर्चा नगर में दिनभर चली। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि विभागीय कर्मचारी कब तक पिटते रहेंगे। इस प्रकार की घटनाओं से तो अपराधियों के हौंसले बुलंद हो रहे है।

**ओपीडी की** पर्ची बनाने वाले कर्मचारी के साथ अभद्रता की बात संज्ञान में आई है। उक्त व्यक्ति द्वारा कर्मचारी से लिखित में माफी मांगी गई है, इसलिए उसके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। भविष्य में अस्पताल के किसी भी कर्मचारी के साथ किसी भी प्रकार की अभद्रता होती है तो, संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**शैलेन्द्र औरिया**
**सीबीएमओ**
**सिविल अस्पताल सोनकच्छ**

# राजपूत समाज ने जलाया सपा सांसद का पुतला, ज्ञापन सौंपा



**देवास।** राजपूत समाज संगठन जिला देवास ने बुधवार को स्थानीय भोपाल चौराहे पर समाजवादी पार्टी सांसद का पुतला जलाया। उक्त जानकारी देते हुए राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना जिलाध्यक्ष सुरेंद्रसिंह गौड़ ने बताया कि महाराजा राणा सांगा पर टिप्पणी की गई है, जिसको लेकर हमने सांसद सुमन को चप्पल की माला पहनकर पुतला फूंका है। पुतला दहन के पश्चात कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में माग की गई है कि सांसद अपने पद से इस्तीफा दे तथा सांसद की गिरफ्तारी कर उन पर देश द्रोह का मुकदमा चलाया जाए। इस अवसर पर तूफानसिंह परमार, रूप सिंह, प्रीतम सिंह राजपूत, विशाल रघुवंशी, अजयसिंह परिहार, युवराज सिंह बीसाखेड़ी, अजय चावड़ा, कुलदीप सिंह, राजेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, धर्मेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, पुष्पराज सिंह, अजयसिंह, गब्बर बना, प्रीतम सिंह हाटपीपल्या, भानु बना, देवेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह धनसिंह उपस्थित रहे।

# खेड़ापति मंदिर भौंरासा का लक्की ड्रा खुला, मिले उपहार



**भौंरासा।** नगर में स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य पिछले कई सालों से चल रहा है, जो जन सहयोग से होता आ रहा है। वहीं समिति द्वारा पिछले चार वर्षों से एक इनामी लक्की ड्रा चलाया जा रहा है, जिसकी रसीद 200 की रहती है। वहीं इसमें छोटे-बड़े पुरस्कार मिलकर लगभग 27 इनामी कूपन खोले जाते है। लक्की ड्रा के इनाम वितरित करने के बाद शेष राशि का उपयोग मंदिर निर्माण में किया जाता है। उक्त लक्की ड्रा गत दिवस नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में खोला गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नप अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, नगर वसूली पटेल जसवंत सिंह राजपूत, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवनसिंह ठाकुर, कमलसिंह यादव, डॉ. चैनसिंह यादव, पवन पटेल, राजेंद्र यादव, लालसिंह पटेल, फूलसिंह पटेल आदि उपस्थित थे। लक्की ड्रा में पहला इनाम मोटर सायकिल मुस्कान मुकेश ठाकुर को खुली। वहीं एलईडी टीवी रौनक लोधी, आटा चक्की मंसूर अली, फ्रिज अखिलेश यादव, अलमारी ममता अर्जुन पटेल, सोफा सेट कुलदीप ठाकुर, सायकिल केदार यादव, मोबाइल मनीष कमल सिंह, कूलर कुंदन चौहान, ड्रेसिंग टेबल लक्ष्मी यादव, टिल्लू मोटर पंप शकुंतला कुमावत, दवाई पंप अंकित यादव, मिक्सर सूर्य नारायण, छत पंखा फूलसिंह पटेल सहित अन्य उपहार लक्की ड्रा विजेताओं को मिले। संचालन कमल यादव ने किया।

### ईनाम मंदिर में दिया दान

नगर के अखिलेश यादव को लक्की ड्रा में फ्रिज खुला, जिस पर यादव ने फ्रिज की कीमत 11 हजार रूपए समिति को दान में दी। वहीं गोदरेज की अलमारी ममता अर्जुन पटेल को खुली, जिन्होंने ने भी अलमारी मंदिर समिति को दान में दी। सोफा सेट कुलदीप ठाकुर को खुला, जिन्होंने सोफा सेट मंदिर समिति को दान में दिया। मोबाइल मनीष कमल सिंह को खुला, उन्होंने ने भी मोबाइल की कीमत मंदिर में दान दी। फूल सिंह पटेल ने भी छत पंखा मंदिर में दान कर दिया।






**Presiding Officer – राघवेन्द्रसिंह चौहान**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCA/0000020/2023)

देवनारायण पिता छोगमल ...वादी
विरुद्ध
सरगेसिंह पिता गजरेसिंह ..प्रतिवादी

**प्रोसेस आईडी : /2025**
**पेशी दिनांक : 15.04.2025**

**प्रेषिती :** (1) सर्वसाधारण प्रेषिती : (1) अंजुन बी पिता अब्दुल रजाक खां पता निवासी म.नं. 22 अन्नपूर्णा शिव मंदिर के पास इटावा, देवास जिला देवास म.प्र. (2) राजभानसिंह कुशवाह राजस्व निरीक्षक पता निरीक्षक वृत्त 2 तहसील कार्यालय मुरैना जिला मुरैना

यह कि प्रार्थी देवनारायण पिता छोगमल ने आपके विरुद्ध सिविल अपील के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिए सम्मान किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मूजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत कराए। यह आज तारीख 26 मार्च 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**राघवेन्द्र सिंह चौहान**
**प्रथम जिला न्यायाधीश, सोनकच्छ**
**जिला देवास ( म.प्र. )**

**कृपया ध्यान दे :** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई के लिए लिया जाएगा।



# पीपलरावां में मुस्लिमजनों ने मनाई ईद

**पीपलरावां।** गत दिवस जब पूरे भारत वर्ष में ईद का त्यौहार मनाया जा रहा था, तब पीपलरावां में भी मुस्लिम समाज द्वारा पूरे उत्साह के साथ ईद मनाई गई। इस दौरान सुबह ईद की नमाज पढ़ी, उसके बाद एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। हिंदू समाज के वरिष्ठजनों ने भी मुस्लिम भाईयों को गले लगाकर शुभकामनाएं दी।

# भौंरासा पुलिस ने पकड़ी 41 पेटी अवैध शराब



**भौंरासा।** मंगलवार-बुधवार की रात भौंरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अपने साथ शराब की कुछ पेटियां लहसुन के बगदे में छुपाकर ग्राम पोलायजागीर स्थित खेत में बैठा है। जिस पर से एएसपी जयवीरसिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में सीएसपी दीशेष अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी कटारे दलबल के साथ मुखबिर द्वारा बताये स्थान ग्राम पोलाय जागीर पहुंची। जहां पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदीप पिता दिनेश चौधरी उम्र 22 साल निवासी ग्राम पोलाय जागीर के कब्जे से 41 पेटी देशी शराब मात्रा 369 लीटर कीमत 1,23,000/- को जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## न्यूज कार्नर

### उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षिका सम्मानित

**जागरण, सीहोर।** शासकीय सरदार पटेल शाला में कार्यरत शिक्षिका श्रीमती सध्या भटेले को एलएफएन (लाइब्रेरी फॉर नेशन) में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में शिक्षा विभाग के अधिकारियों और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने उनकी सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि श्रीमती भटेले ने एलएफएन कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को पुस्तकालय और ज्ञान संसाधनों से जोडने में अहम भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से छात्रों में पठन-पाठन की रुचि बढ़ी है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि यह सम्मान विद्यालय के लिए गर्व की बात है और अन्य शिक्षकों को भी प्रेरित करेगा। समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे।

### सात दिवसीय भागवत कथा का तीसरा दिन

**जागरण, सीहोर।** कलयुग के प्रभाव से केवल भागवत कथा ही बचा सकती है, क्योंकि भागवत में हर समस्या का समाधान उपलब्ध है, आज के आधुनिक युग में भी भागवत गुण ज्यादा प्रभावी हैं, इसमें प्रकृति पर भी ज्यादा ध्यान दिया गया है। जैसे सूर्य देवता का अपना प्रभाव है, मानव सहित सभी जीव जंतुओं का पालन पोषण ज्यादातर सूर्य पर ही निर्भर है। सुबह के समय सूर्य को जल अर्पित करते समय सूर्य की किरणें जल में से होती हुई आंखों व पूरे शरीर तक पहुंचती हैं। उक्त विचार शहर के शुगर फैक्ट्री के समीपस्थ मोर गार्डन में दाने परिवार के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन पंडित गिरिजाशंकर तिवारी ने कहे। उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित के सामने जब कलयुग आ गया तो उनकी बुद्धि पर सवार होने लगा, पंडित श्री तिवारी ने कहा कि कलयुग में ही सारे युग विद्यमान है। कलयुग के लक्षण आदि का विस्तार से वर्णन किया।

### बालिकाओं ने माता रानी के भजनों पर किया कत्थक

**जागरण, सीहोर।** इस समय नवरात्रि चल रही हैं, नौ दिवसीय नवरात्रि को लेकर पूरा शहर भक्ति में डूबा हुआ है। अनेक जगह धार्मिक आयोजन हो रहे हैं, इसी तारतम्य में पीएनबी मेटलाइफ में संगीतमय सुंदरकांड के बाद माता रानी के भजन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर नन्हीं बालिकाओं ट्विंकल और प्रियांशी ने मातारानी के भजनों पर कत्थक डांस कर उपस्थितों का मन मोह लिया। बालिकाओं के भजनों पर संगीत मंडली में भजन गायक जगदीश जलोदिया, आर्गन प्रहलाद सिंह प्रजापति, पैड प्लेयर एंड ढोलक बादक अनिकेत कुशवाहा एवं अंकित वर्मा ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान पीएनबी मेटलाइफ ऑफिस स्टाफ अदिति ठाकुर, हरीश प्रताप सिंह, भूपेंद्र विश्वकर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, हिमांशु राठौर, प्रेम वर्मा, कैलाश सस्त्या, गजेंद्र सोनी, रिचा अग्रवाल, आयुषी पारीक, संदीप भैरवे, राजू सगवालिया प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### खेतों में नरवाई जलाने पर होगी कार्यवाही

**जागरण, सीहोर ।** शासन के निर्देशानुसार खेतों में नरवाई जलाने पर कार्यवाही की जाएगी। किसानों को नरवाई जलाने से रोकने के लिए विकासखंड स्तर पर अधिकारियों की टीम गठित की गई हैं, जो किसानों को गांव-गांव जाकर नरवाई न जलाने के लिये समझाइश दे रही है। नरवाई न जलाने के लिये गेंहूँ एवं चना के पंजीयन केन्द्रो पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सेवा सहकारी समितियां एवं ग्राम पंचायत स्तर पर संकल्प पत्र भरवाये जा रहे हैं एवं उप संचालक कृषि द्वारा मैदानी अमले को गेहूं फसल कटाई उपरांत खेतों को रोटोवेटर में माध्यम से नरवाई खेत की मिटटी में मिलाये जाने एवं किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए है।

**दो साल से चल रहा स्मारक का निर्माण कार्य, लगना है पेबर्स, गार्डन की फिनिशिंग भी है बाकी**

# समय सीमा खत्म होने के बाद भी पूरा नहीं हुआ शहीद स्मारक, बाउंड्रीवाल भी अधूरी






**जागरण, सीहोर।** सिपाही बहादुर सरकार की याद में शहर के सैकड़ाखेडी मार्ग पर बनाया जा रहा शहीद स्मारक दो साल बाद भी आधा अधूरा ही पड़ा है। अभी भी शहीद स्मारक को वास्तविक स्वरूप में आने में कम से कम दो से तीन महीने का समय लगेगा, इधर सूत्रों की माने तो निर्माणकर्ता एजेंसी द्वारा जानबूझकर निर्माण पूर्ण करने में रुचि नहीं दिखाई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि शहीद स्मारक निर्माण की घोषणा तीन वर्ष पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा अपने एक दौरे के दौरान की गई थी। घोषणा के बाद शहीद स्मारक निर्माण के लिए पांच करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति मिलने के बाद 31 जुलाई 2023 को इसके निर्माण को प्रशासकिय स्वीकृति के साथ ही कार्य प्रारंभ किया गया था। इसके निर्माण की जिम्मेदारी राजलक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी गुना को दिया गया था। इसके निर्माण की कुल लागत 399.60 लाख या लगभग चार करोड़ स्वीकृत किए गए थे। शहीद स्माकर का निर्माण व आमजन के लिए लोकार्पण 31 मार्च 2025 तक किया जाना था। लेकिन निर्माण की सुस्त र तार के चलते दो वर्ष पूरे होने के बाद भी शहीद स्मारक अब तक अपूर्ण स्थिति में ही है।

### अधूरी बाउंड्रीवाल, कुर्सियां, पेबर्स सहित पार्क की फिनिशिंग बाकी

अपनी निर्माण अवधि पूर्ण कर चुके शहीद स्मारक पर अभी भी कई महत्वपूर्ण कार्य होना बाकी है। पूरे पार्क की फिनिशिंग के साथ ही कई जगह अभी पेबर्स ब्लॉक लगाए जाना बाकी है, स्मारक के एक ओर की बाउंड्रीबाल भी अभी बनाई ही नहीं गई है, बाउंड्रीबाल अधूरी होने के कारण मवेशी स्मारक के गार्डन में घूमते दिखाई देते है। गार्डन का प्रवेश द्वार सहित मुख्य सड़क से स्मारक तक की सड़क का निर्माण भी अब तक नहीं किया गया है। इधर सूत्रों की माने तो कागजों में भले ही गुना की कंस्ट्रक्शन कंपनी को यह काम दिया गया हो, लेकिन हकीकत में यह कार्य शहर के ही कुछ ठेकेदारों द्वारा पेटी पर लेकर किया जा रहा है। जो अब तक पूरा नहीं हो सका है। इधर बीते कुछ दिनों से काम भी बंद कर दिया गया है, जिसका ठोस कारण न तो निर्माण स्थल पर मौजूद लोग बता रहे है न ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारी। इधर सुस्त रफ्तार से चल रहे शहीद स्थल निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी लापरवाह बने हुए है, लंबे समय से यहां का न तो अधिकारियों ने निरीक्षण किया है न ही निर्माण की गुणवत्ता की जांच परख ही की गई है। आने वाले समय में गुणवत्ता हीन कार्य का खामियाजा उठाना पड़ेगा।

# पंचायतों में चेहरा देखकर बांटे जा रहे पीएम आवास

**कई पात्र हितग्राहियों को बिना जांच घोषित किया अपात्र, जनपद के एक कर्मचारी की मिलीभगत से पंचायतों में की जा रही मनमानी, पंचायत सरपंच, सचिवों की भूमिका पर भी उठ रहे सवाल**




**जागरण, सीहोर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र की भाजपा सरकार भले ही गांव के प्रत्येक बेघर व्यक्ति को खुद का पक्का घर देने के अभियान में लगी है, लेकिन पीएम मोदी के इस अभियान को सरकारी तंत्र और सरपंच-सचिव, रोजगार सहायक बट्टा लगाने में पीछे नहीं है। ताजा मामला जिला मुख्यालय के आसपास की कुछ पंचायतों का है। जनपद पंचायत द्वारा प्रत्येक पंचायत को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण योजना के लक्ष्य के अनुरूप आवास लक्ष्य दिए गए है। इन लक्ष्यों के लिए गांव में बेघर लोगों को चिंहित कर आवास प्रदान करने का कार्य किया जाना है, लेकिन इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सरपंच-सचिव, रोजगार सहायक और जनपद के एक कर्मचारी द्वारा मनमाने तरीके से पात्र हितग्राहियों को अपात्र घोषित किया जा रहा है। जिससे हितग्राही परेशान हो रहे है। सभी आवश्यक दस्तावेज और शर्ते पूरी होने के बाद भी अपात्र घोषित होने पर ग्रामीण परेशान है।

### इन पंचायतों में कईयों को कर दिया अपात्र

सूत्रों की माने तो जिला मुख्यालय के नजदीक स्थित तकीपुर, मगरखेड़ा, धनखेड़ी, नोनी खेड़ी, सिराड़ी सहित कई अन्य पंचायतें है जहां बड़ी संख्या में पात्र हितग्राहियों को अपात्र बता दिया गया है। इधर यह भी शिकायतें सामने आई है कि इन पंचायतों में कई अपात्रों को भी पंचायत कर्मियों की कृपा के चलते पात्रों की श्रेणी में शामिल कर आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है, जिससे पात्र हितग्राहियों का नुकसान हो रहा है। ऐसे कई पात्र हितग्राहियों जिनमें भोजराज नोनीखेड़ी, विनोद कुमार मगरखेड़ा सहित अन्य ने तो जिला प्रशासन सहित मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तक पर की गई है। लेकिन जनपद पंचायत द्वारा निष्पक्ष जांच नहीं होने के कारण पंचायत सचिवों व जनपद कार्यालय के कर्मचारी मनमानी कर रहे है।

### जनपद पंचायत के आपरेटर की भूमिका पर सवाल

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पंचायतों द्वारा स्वीकृत या अस्वीकृत कर हितग्राहियों को पात्र या अपात्र बनाने की प्रक्रिया में जनपद पंचायत के एक आपरेटर की भूमिका पर भी सवाल उठाए जा रहे है। सूत्रों की माने तो पंचायतों से आने वाले प्रकरणों में जनपद पंचायत में इसी आपरेटर द्वारा इंट्री की जाती है, जो मनमाने तरीके से उनकी पात्रता को तय करने का कार्य किया जाता है। कई हितग्राहियों ने जनपद पंचायत के इस आपरेटर की भूमिका और कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए है। लेकिन जनपद के अधिकारियों की अनदेखी के चलते कार्यप्रणाली में सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ नेहा जैन द्वारा पीएम आवास योजना को लेकर बीते एक महीने से ग्रामीण अंचलों में कार्यशालाएं आयोजित करवाई जा रही है।

## बुधवार को निकली कलश यात्रा का विधायक राय ने किया स्वागत



**जागरण, सीहोर।** बुधवार को कस्बा क्षेत्र में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मैं बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रही। विधायक सुदेश राय भी कलश यात्रा में सम्मिलित रहे। राठौर समाज कस्बा के द्वारा भगवान श्रीराम दरबार शिव परिवार और राधा कृष्ण हनुमान जी की प्रतिमा के लिए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक सुदेश राय ने राठौर समाज के वरिष्ठ नागरिकों के साथ पुष्पवर्षाकर कलश यात्रा चल समारोह में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कलश यात्रा के आगे चल रहा नरसिंहगढ़ बैंड सुंदर धुने आकर्षण का केंद्र बनी रही। कलश यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष सीताराम यादव द्वारा समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौर समाज अध्यक्ष मोहनलाल राठौर, उपाध्यक्ष आदेश राज राठौर एवं सभी यजमानों का पुष्प माला पहनकर का विधायक सुदेश राय ने स्वागत किया। कार्यक्रम में राठौर समाज अध्यक्ष सतीश राठौर, हेमराज राठौर, मुकेश राठौर, रघुनंदन राठौर हरि नारायण राठौर, अवध नारायण राठौर, आत्माराम राठोर् राजकुमार राठौर, रवि राठौर, मिश्रीलाल राठौर, कैलाश सिंह राठौर आदि राठौर समाजजन शामिल रहे।

# उपार्जन केंद्रों पर अनियमितताएं पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस

### शाखा प्रबंधक को भी थमाया नोटिस दो दिवस में मांगा जवाब

**जागरण, सीहोर ।** शासन के निर्देशानुसार जिले में 15 मार्च से 05 मई तक गेंहू उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। उपार्जन के लिए जिले में उपार्जन केंद्र भी निर्धारित किए गए हैं। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा श्यामपुर के छतरपुरा स्थित रामानुज वेयरहाउस संचालक श्रीमती भावना गौर पति सुरेंद्र गौर एवं श्यामपुर के चरनाल स्थित बद्रीनाथ वेयरहाउस के गोदाम संचालक श्रीमती सीया बाई पति नर्मदा प्रसाद को केंद्र में अनियमितताएं पाए जाने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देश पर कृषि कल्याण विभाग के उप संचालक ने इन उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आगामी दिवसों में जिन किसानों के स्लॉट बुक हैं उन किसानों से निर्धारित दिवस से पहले ही खरीदी कर गेहूं गोदाम में भंडारित करा लिया गया है। जो कि उपार्जन नीति का उल्लंघन है।

कलेक्टर ने संबंधित वेयरहाउस संचालकों को इस संबंध में उपस्थित होकर अपना लिखित स्पष्टीकरण 02 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करने की स्थिति में संबंधितों के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही आगामी आदेश तक इन वेयरहाउस की स्लॉट बुकिंग क्षमता शून्य की गई है। श्यामपुर के उपार्जन केंद्रों में अनियमितताएं पाए जाने, भौतिक सत्यापन के लिए चाही गई जानकारी प्रस्तुत नही करने, वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने एवं उपार्जन कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने श्यामपुर एमपीडब्ल्यूएलसी के शाखा प्रबंधक श्री प्रेमनारायण केसरिया को भी कारण बताओं नोटिस जारी किया है। श्री प्रेमनारायण केसरिया को 02 दिनों में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। स्पष्टीकरण प्रस्तुत ने करने की स्थिति में उनके विरूद्ध सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

## कलेक्टर ने किया औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण



कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के अब्दुल्लापुर (पचामा) औद्योगिक क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने मेसर्स पंजवानी इंटरप्राइसेस, मेसर्स रामाश्री वेफर्स प्राइवेट लिमिटेड, एटू फूड्स, मेसर्स सुगन साउण्ड सेल्स एण्ड सर्विस तथा अन्य इकाइयों का निरीक्षण किया। उन्होंने पचामा औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार के भूखण्डों का भी निरीक्षण किया इसके साथ ही नवीन विद्युत सब स्टेशन की चिन्हित भूमि का भी अवलोकन किया। उन्होंने इकाइयों की समस्याओं के विषय में अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पहले से स्थापित रोड एवं नालियों की साफ-सफाई तथा इकाईयों को आवश्यकतानुसार जल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, प्रबंधक मनीष सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सौरभ शर्मा को मिली जमानत के विरोध में कांग्रेसजनों ने किया विरोध प्रदर्शन

**जागरण, सीहोर।** परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा को जमानत मिलने का कांग्रेस पार्टी लगातार विरोध कर रही है। नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर के नेतृत्व में भ्रष्टाचारी सौरभ शर्मा को जमानत दिए जाने के विरोध में कोतवाली चौराहे पर प्रतिकात्म पाप का घड़ा भोड़ कर एवं भाजपा सरकार के विरोध में गगन भेदी नारों के साथ विरोध प्रदर्शन किया।

विवेक राठौर ने कहा कि सौरभ शर्मा की ज़मानत भारतीय जनता पार्टी के भ्रष्टाचार को संरक्षित करने की राजनीति को उजागर करती हैं, लोकायुक्त 60 दिन में चालान पेश नहीं कर सकी, ऐसी संस्था किस काम की जो चालान नहीं पेश कर पाई। एक पूर्व कांस्टेबल जो भ्रष्टाचार में रंगे हाथों पकड़ा गया उसे जमानत मिल गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खुलेआम



भ्रष्टाचार चल रहा है। जिन अधिकारियों के कारण चालान पेश नहीं हुआ उन पर कार्रवाई होना चाहिए। लोकायुक्त को तत्काल भंग कर दूसरी संस्था बननी चाहिए, जिससे सही तरह से जांच हो सके। सौरभ शर्मा मामले की जांच हाईकोर्ट की निगरानी में होनी चाहिए। साथ ही कांग्रेसजनों ने भाजपा सरकार से सवाल पूछे कि सौरभ शर्मा मामले में चालान पेश न करने की नाकामी के पीछे कौन जिम्मेदार है जयदीप प्रसाद का ट्रांसफर क्या इस मामले को दबाने की साजिश का हिस्सा है, भ्रष्टाचार के अनेक मामलों में अभियोजन की अनुमति रोककर सरकार भ्रष्टाचारियों को संरक्षण क्यों दे रही है लोकायुक्त की बार-बार नाकामी के बावजूद इस भ्रष्ट संस्था को क्यों ढोया जा रहा है प्रतिपक्ष नेता विवेक राठौर ने मांग की है कि सौरभ शर्मा मामले की निष्पक्ष जांच हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की निगरानी में हो।

## मरीह माता पर प्रतिदिन किया जा रहा कन्या पूजन के साथ हवन, सात अप्रैल को किया जाएगा विशाल भंडारा

### पांचवे दिन मां स्कंदमाता का पूजन अर्चन किया जाएगा

**जागरण, सीहोर।** हर साल की तरह इस वर्ष भी शहर के विश्राम घाट के पास चौसठ योगनी मरीह माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि के मौके पर प्रतिदिन मंदिर में सुबह और शाम को दुर्गा चालीसा और दुगा सप्तशती का पाठ किया जाता है। बुधवार की शाम को यहां पर नौ कन्याओं का पूजन आदि किया गयाा और मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा का पूर्ण विधि-विधान से पूजन अर्चन किया गया। इस मौके पर मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा-रोहित मेवाड़ा आदि शामिल थे।

श्री मेवाड़ा ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार, जब त्रिदेव ने सृष्टि की रचना करने की कल्पना की, तो उस समय ब्रह्मांड में अंधेरा छाया हुआ था। इस दौरान ब्रह्मांड में सन्नाटा पसरा हुआ था। ऐसे में त्रिदेव ने मां दुर्गा से सहायता ली। मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा ने ब्रह्मांड की रचना की। मां कूष्मांडा के मुख मंडल पर मुस्कान से पूरा ब्रह्मांड में उजाला हो गया। इसी वजह से मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा कहा गया। सनातन शास्त्रों के अनुसार, सूर्य लोक में मां कूष्मांडा वास करती हैं।

मां कूष्मांडा मुखमंडल पर सूर्य प्रकाशवान है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, विधिपूर्वक मां कूष्मांडा की पूजा करने से साधक को सभी तरह की समस्या से छुटकारा मिलता है। साथ ही मां कूष्मांडा की कृपा से रुके हुए काम जल्द पूरे होते हैं। पांचवे दिन मां स्कंदमाता, छठे दिन मां कात्यायनी, सातवें दिन मां कालरात्रि और आठवें दिन मां महागौरी की पूजा के अलावा सात अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे।

# पोकलेन मशीन से किया जा रहा सीवन नदी का गहरीकरण

## जल गंगा संवर्धन अभियान शहर के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण : नपाध्यक्ष राठौर

**जागरण, सीहोर।** नगर पालिका की टीम ने पोकलेन, डंफर, ट्रैक्टर-ट्राली की मदद से नदी से मलबा हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। बुधवार को बड़ी सं या में नगर पालिका अमले के साथ क्षेत्रवासी भी सीवन नदी के गहरीकरण और सफाई अभियान में जुट गए है। बारिश शुरू होने से पहले नदी को पूरी तरह साफ करने का प्रयास किया जा रहा है।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान शहर के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। शहर के बीच से गुजरी नदी आंखों को सुकून देने के साथ ही पानी की हमारी जरूरतों को पूरा करती है। हर साल बारिश के पानी के साथ आने वाली मिट्टी धीरे-धीरे गाद बनकर नदी




की गहराई कम कर रही है। उथली होती नदी में जलभराव की मात्रा लगातार कम होती चली जा रही है। इसके लिए हाल के बजट में करीब 25 करोड़ रुपए की योजना बनाई गई है। जिससे आने वाले समय में सीवन का गहरीकरण के साथ ही सौंदर्यीकरण हो सकेगा। बुधवार को नपा अमले के साथ सीवन उद्धार समिति और क्षेत्रवासियों ने पोकलेन, जेसीबी सहित अन्य मशीनों के माध्यम से नदी में जमा गाद को निकाला और डंफर आदि से गंदगी उठाई है। इस मौके पर नपाध्यक्ष राठौर ने कहाकि जनहित में जब तक बारिश का पानी नहीं आता है, सीवन सफाई अभियान जल गंगा संवर्धन योजना के साथ शहरवासियों की जनभागीदारी से निरंतर चलता रहेगा।

### सीवन उद्धार समिति ने माना आभार, लगातार चलेगा अभियान : डॉ नामदेव



इधर सीवन उद्धार समिति के अध्यक्ष डॉ गगन नामदेव ने बुधवार से प्रारंभ हुए जलगंगा संवर्धन अभियान और पोकलिन से गहरीकरण कार्य को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन के अभियान के साथ ही समिति द्वारा भी लगातार सीवन गहरीकरण व उद्धार के लिए प्रयास करती रहेगी, नौ अप्रैल से समिति सदस्य भी सीवन नदी में उतरकर श्रमदान करेंगे।

### निरंतर मेहनत से मिलती है सफलता : डॉ नेहा जैन

**जागरण, सीहोर ।** प्रदेश के साथ ही जिले में स्कूल चले हम अभियान एक अप्रैल से प्रारंभ हो गया है। यह अभियान 01 अप्रैल से 04 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी स्कूलों में भविष्य से भेंट कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आवंटित स्कूलों मे जाकर बच्चों के साथ संवाद किया एवं पढ़ाई तथा भविष्य की रणनीति के बारे में चर्चा की और बच्चों का मार्गदर्शन किया। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने सीहोर स्थित शासकीय सीएम राइज मनुबेन स्कूल में बच्चों की क्लास ली और उनसे पढ़ाई के बारे में चर्चा की। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति के बारे में पूछा और उन्हें बेहतर अध्ययन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि नियमित अध्ययन, अनुशासन, निर्धारित लक्ष्य और निरंतर मेहनत करने से निश्चित ही सफलता मिलती है।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अभिषेक राय आ0 श्री किशन राय निवासी कलार मोहल्ला कस्बा सीहोर ने एक विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 20/03/2024 को श्री गोवर्धन राय आ0 श्री मुन्नालाल राय, निवासी कलार पुरा कस्बा सीहोर से उनके स्वामित्व की भूमि खसरा क्रमांक 66/2 रकबा 0.575 है0, खसरा क्रमांक 64/2 रकबा 0.152 है, खसरा क्रमांक 64/3 रकबा 0.152 है0 इस प्रकार कुल किता कुल तीन रकबा 0.879 है0 स्थित ग्राम अवंति पुरा तह0 व जिला सीहोर में स्थित है किया है तथा मेरे पक्षकार ने विक्रेता कोबयाना राशि रू0 11,50000/-भी अदा कर दी हैं। इसके उपरांत विक्रेता श्री गोवर्धन राय द्वाा अनुबंधित भूमि का पंजीयन विक्रय पत्र नियत दिनांक को मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित नही कराया है जबकि मेरा पक्षकार विक्रय मूल्य की शेष राशि अदा कर पंजीयन विक्रय पत्र निष्पादित कराने को तैयार है तथा इस हेतु वह उप पंजीयक कार्यालय सीहोर में उपस्थित भी रहा। जब श्री गोवर्धन राय द्वारा मेरे पक्षकार के हित में पंजीयन विक्रय पत्र निष्पादित नही कराया गया तो मेरे पक्षकार ने श्री गोवर्धन राय के विरूद्ध एक व्यवहार वाद क्रं0 93अ/2025 अभिषेक राय विरूद्ध गोवर्धन राय माननीय व्यवहार न्यायाधीश महोवर्ग - 1 , सीहोर के न्यायालय में वास्ते संविदा के विर्निदिष्टठ पालन हेतु तथा स्थयी निषेधाज्ञा का संस्थित किया जो सुनवाई हेतु दिनांक 22/04/2025 को नियत होकर श्री गोवर्धन राय की उपस्थिति हेतु नियति है। मेरे पक्षकार को यह आशंका है कि श्री गोवर्धन राय उक्त वादग्रस्त अनुबंधित भूमि को अन्य किसी व्यक्ति को विक्रय करने हेतु प्रयासरत है। अत : सर्वसाधारण को सूचित हो कि कोई भी व्यक्ति /संस्था उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई भी संव्यवहार भूमि स्वामी से ना करे अब उपरोक्त भूमि न्याय के अधीन हैं।

भवदीय
**उपेन्द्र सिंह ठाकुर अधिवक्ता सीहोर**
**मोबाईल नं0 : 9229455187**

## न्यूज कार्नर

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर की गई कार्रवाई

**जागरण बुधनी ।** एसडीओपी रवि शर्मा बुधनी के मार्गदर्शन में अनुभाग बुधनी के थाना बुधनी , रेहटी और शाहगंज द्वारा व्यापक स्तर पर अभियान चलाया गया।इस अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्यवाही की गई। पुलिस टीम द्वारा वाहन चालकों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट पहनने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने और अन्य यातायात नियमों का पालन ना करने वाले चालको के विरुद्ध पिछले दो दिनों में कुल 62 चालान बनाए 7 जिसमे थाना बुधनी ने 26 चालान 15900 समन शुल्क थाना रेहटी ने 21 चालान 8500 समन शुल्क थाना शाहगंज ने 15 चालान किये इसके अतिरिक्त थाना रेहटी ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालक के विरुद्ध न्यायालय में इस्तगासा प्रस्तुत किया जिसमे न्यायालय द्वारा 11000 का जुर्माना किया गया । यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी ।

### मालवीय ने जीवित रहते किया अंगदान



**जागरण बुधनी ।** बुधनी नगर के वार्ड क्रमांक 11 मे निवासरत समाजसेवी सेवा निर्मित एसडीओ कृषि ओम प्रकाश मालवीय ने अपने 67 वे जन्मदिन के अवसर पर होली एवं ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया और इस दौरान मृतक उपरांत अपने अंग दान देने का शपथ प्रमाण पत्र दिया इस अवसर पर जीव ताशा फाऊंडेशन भोपाल लायंस क्लब आयुष नर्मदा पुरम पेंशनर्स एसोसिएशन सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीय एकता मंच नर्मदा पुरम के साथ ही रेहटी बुधनी के अनेक सर्व धर्म समाज की उपस्थित रहे इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की वेबसाइट पर 31 मार्च 2025 को ओमप्रकाश मालवीय ने मृत्यु उपरांत चिकित्सा उद्देश्य हेतु अपने समस्त अंगों का मानव सेवार्थ निकालने के लिए शपथ पूर्वक अधिकृत किया जिसका अंगदान प्रमाण पत्र जीवा ताशा फाउंडेशन के सचिव कार्तिक जैन लायंस क्लब क्लब के अध्यक्ष विनय यादव सर्व निदान मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल अब्दुल्लागंज के संचालक ऋषभ जैन के द्वारा प्रदान किया गया कार्यक्रम में सभी का आभार अनीता मालवीय एवं डॉक्टर प्रनिता भारतीय डॉक्टर अनीशा भारतीय द्वारा किया गया।

### नाबालिग को 72 घंटे में पुलिस ने ढूंढकर परिजनों को सौंपा

**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** बीते 27 मार्च को लाड़कुई क्षेत्र की एक 15 वर्षीय आदिवासी नाबालिग बिना बताएं घर से कहीं चली गई। परिजनों की तलाश के बाद भी जब नाबालिग का कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने इसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने इस मामले में तत्परता के साथ एक टीम का गठन कर नाबालिग की तलाश शुरु की।

लगभग 72 घंटे की सर्चिंग व आसपास मौजूद सीसीटीवी फुटेच की मदद से पुलिस नाबालिग तक पहुंच गई। नाबालिग लाड़कुई बाजार में घूमती नजर आई, जिसे पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में लेकर परिजनों के सुपुर्द किया।

### कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को दिये आवश्यक निर्देश

**जागरण, सीहोर ।** लू की स्थिति निर्मित हो सकती है। लू के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुए इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिए जिला स्तर पर जन समूदाय को लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव के लिए आवश्यक सुझाव तथा निर्देश जारी किये गये है।

# जलकर में 40 रुपए बढ़े, अब घर व दुकानों से निकलने वाले कचरे पर भी देना होगा टैक्स




### नप ने आय बढ़ाने पर दिया जोर, 81 हजार की बचत के साथ पेश किया 40 करोड़ 58 लाख 80 हजार का बजट

**जागरण, भैरुंदा** (नसरुल्लागंज)। बुधवार को नगर परिषद के साधारण सम्मेलन में सभी पार्षदों ने सहमति के साथ शहर के विकास व नप की आय में बढ़ोत्तरी करने वाले बजट पर मोहर लगाई। इस दौरान जलकर में 40 रुपए प्रतिमाह की वृद्धि की गई तो वहीं स्वच्छता के लिए घरों व दुकानों से निकलने वाले कचरे पर अलग से कर लगाने की मंजूरी दी गई। इसके साथ ही तीन वर्षो से लंबित चले आ रहे चांदनी गार्डन से बड़े पुल तक नाला निर्माण की स्वीकृति भी परिषद के द्वारा दी गई। परिषद के द्वारा नगर की स्ट्रीट लाइट सहित अन्य बिजली उपकरणों को सोर ऊर्जा संयत्र से चलाने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति भी प्रदान की। दुर्गा मंदिर चौक पर एक बड़े स्वागत द्वार का निर्माण भी किया जाना प्रस्तावित किया गया हैं।

बुधवार को आयोजित बजट बैठक को संबोंधित करते हुए नप अध्यक्ष मारूति शिशिर ने कहा कि परिषद के कार्यकाल में निकाय को समस्त प्रकार से होने वाली आय का उपयोग जन-जन को सुविधा देने में किया गया है। नगर में स्वच्छता, प्रकाश, सौंदर्यीकरण, पेयजल पूर्ति, रोड नाली निर्माण, बस स्टेंड प्रतिक्षालय, प्रकाश व्यवस्था आदि जन सुविधा के महत्वपूर्ण कार्य किये गए है। साथ ही परिषद के द्वारा शॉपिंग काम्पलेक्स निर्माण किया जा रहा हैं जो नप की आय बढ़ाने में सहायक होगा। परिषदका हमेशा ही प्रयास रहा हैं कि नगर का समुचित विकास का होगा। आज की बैठक में दो महत्वपूर्ण मुद्दो पर चर्चा करते हुए नगर परिषद की आय में वृद्धि करने के लिए जलकर में वृद्धि तो स्वच्छता का नया कर लगाया गया है। बैठक में नप उपाध्यक्ष श्रीमति प्रतिभा रितेश मकवाना, पार्षद श्रीमति सरोज कैलाश धावरे, नितेश पेठारी, रितु महेन्द्र परिहार, ओम प्रकाश पंवार, अनुपम गौर, शबाना अंजुम शमीम खां, नीता मुकेश अग्रवाल, मेहरबान सिंह सराठे, इंदु मालवीय, गौरव शर्मा, महेन्द्र जाट, प्रफुल्ल गठरे सीएमओं, लेखापाल राजकुमार राठौर, उपयंत्री केवलराम कुशवाह, दीपक यादव एवं नगर परिषद के कर्मचारीगण मौजूद थे।

### अब 60 के स्थान पर देना होगा 100 प्रतिमाह जलकर

बजट बैठक में परिषद के द्वारा लिये गए निर्णय पर मोहर लगाते हुए जलकर में 40 रुपए प्रतिमाह की वृद्धि की गई हैं। अब शहरवासियों को वर्षो बाद 60 रुपए प्रतिमाह के स्थान पर 100 रुपए प्रतिमाह का शुल्क जलकर के रूप में देना होगा। नप के द्वारा शहरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 2.0 अमृत परियोजना के तहत दो बड़ी पानी की टंकियों का निर्माण किया जा रहा हैं, जिससे नर्मदा जल से वंचित चले आ रहे परिवारों तक आसानी के साथ नर्मदा जल पहुंच सकेगा। इसके पूर्व में नर्मदा जल आर्वंधन योजना के माध्यम से आधे शहरवासियों को नर्मदा जल की आपूर्ति की जा रही हैं। शेष बचे भाग में लगभग 40 ट्यूबवेल के माध्यम से सीधे आपूर्ति पहुंचाई जा रही है।

### घरों से निकलने वाले कचरे पर लगेगा स्वच्छता कर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा शुरु किये गए स्वच्छ भारत अभियान के तहत नप द्वारा संपूर्ण शहर से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कर उसे ट्रेचिंग ग्राउंड पर डंप कर यहां खाद बनाने का काम किया जा रहा हैं। लेकिन इस कचरा संग्रहण से नप की आय में वृद्धि नहीं हो पा रही थी। ऐसी स्थिति में नप द्वारा बजट बैठक में स्वच्छता कर लगाने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत अब घरों पर 1 रुपए प्रतिदिन व दुकानों से निकलने वाले कचरे पर 2 रुपए प्रतिदिन शुल्क निर्धारित किया गया हैं। अब घर के कचरे पर 360 व दुकान के कचरे पर 720 रुपए प्रतिवर्ष का अतिरिक्त कर शहरवासियों को देना होगा। नप के द्वारा इसके अतिरिक्त किसी भी कर में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई।

### 81 हजार रुपए की बचत के साथ 40 करोड़ 58 लाख से अधिक का बजट पास

नप सीएमओं प्रफुल्ल गठरे ने बताया कि नप के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 का अनुमानित बजट साधारण सम्मेलन में पेश किया गया। जिसमें अनुमानित आय 40 करोड़ 58 लाख 80 हजार तथा व्यय 40 करोड़ 57 लाख 99 हजार तथा बचत 81 हजार स्वीकृत किया गया। नप को एक वर्ष में आय व व्यय के बाद 81 हजार रुपए की बचत हुई हैं। इसके अतिरिक्त बजट में पेयजल, प्रकाश, सफाई, सड़क व नाली निर्माण एवं मरम्मत कार्य का प्रावधान भी किया गया। बैठक में कुल 59 विषय रखे गए थे, जिन्हें सभी पार्षदों ने सहमति से पास किया।

### शहर की बिजली सोर ऊर्जा से रोशन करने शासन को भेजेंगे प्रस्ताव

नप अध्यक्ष मारूति शिशिर ने बताया कि शासन के द्वारा इस समय सोर ऊर्जा सयंत्र पर विशेष जोर दिया जा रहा हैं। जिससे कि उपभोक्ताओं को बिजली की बड़ी हुई दरो से निजात मिल सके। इसी को ध्यान में रखते हुए नप ने बजट बैठक में शहर को स्ट्रीट लाइट को सोर ऊर्जा से रोशन करने का निर्णय लिया हैं। जिसके चलतें शासन को इस संबंध में प्रस्ताव भेजा जायेगा। इसके अतिरिक्त नीलकंठ रोड पर रेलवे ब्रिज के दोनों और फुटपाथ निर्माण, चांदाग्रहण सीमा से बड़े नाले तक स्टोन पिचिंग एवं आर.सी.सी. टी वाल निर्माण किये जाने व कांजी हाउस के पास शनि मंदिर के साईड मे बच्चो के लिये पार्क निर्माण किये जाने पर भी सहमति व्यक्त की गई।

## विधायक द्वारा पात्र 41 दीदियों को ई साइकिल वितरित



**जागरण बुधनी ।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण जीविका मिशन विकासखंड बुधनी के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह की महिला उद्यमियों को ई साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपस्थित विधायक रमाकांत भार्गव के कर कमलो से पा त्र 41 दीदियो को ई साइकिल वितरित की गई ।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष महेंद्र शर्मा उपाध्यक्ष डॉ हरमेंद्र ना गर राजेश पाल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बुधनी देवेश सराठे अन्य जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में आजीविका मिशन से भावना वर्मा ए बीएम जितेंद्र सिंह दांगी राम अवतार चौहान उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन में अतिथियों के स्वागत उपरांत ब्लॉक प्रबंधक भावना वर्मा नहीं बताया कि सस्टेनेबल ट्रांसपोर्टरूरल एट प्रीमियर शिप थ्रू इलेक्ट्रिक बायसाइकिल स्त्री प्रोजेक्ट तहत सो सहायता समूह की ग्रामीण महिला जो व्यवसाय का कार्य करती हैं उन महिला उद्यमियों को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाया जा सके एवं उन्हें लखपति दीदी की श्रेणी में लाया जा सके उल्लेखनीय है कि यह ई साइकिल एकबार चार्ज में 40 से 60 किलोमीटर चलने में आधा यूनिट बिजली की खपत होगी वक्त साइकिल अनुदान आधारित 9450 रुपए है जिसमें ना लाइसेंस की आवश्यकता होगी और न ही पंजीयन की आवश्यकता होगी ई साइकिल हेतु पात्र दीदीयों को ई साइकिल विधायक द्वारा वितरण की गई ।

## प्रवेश उत्सव विद्यार्थियों को नियमित रूप से स्कूल आने के लिए किया प्रेरित



**जागरण बुधनी ।** शासकीय हाई स्कूल टीटीसी बुधनी में 2 अप्रैल को प्रवेश उत्सव मनाया गया इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी ने कक्षा एक से लेकर कक्षा दसवीं तक के छात्राओं को नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया उन्होंने उद्बोधन में छात्रों को माता-पिता की आशा एवं शिक्षकों की आज्ञा मानकर लगन से पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया छात्र छात्राओं के भविष्य को शिक्षकों के मार्गदर्शन में आगे पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा छात्राओं को तिलक लगाकर साल में आने हेतु प्रेरित कर पुस्तकों का वितरण किया गया कार्यक्रम में राजस्व निरीक्षक जितेंद्र बघेल मंडल उपाध्यक्ष धीरेंद्र तिवारी प्रभारी प्रचारक नरेंद्र कुमार तिवारी एवं शाला हाई स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

## जूनियर ने दी सीनियर को विदाई, विद्यार्थी अपने लक्ष्य के प्रति रहे समर्पित

### मिस आरएसबी बनी भूमिका जाट

**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )। राय** साहब भंवर सिंह महाविद्यालय में पिछले दिनों सीनियर गर्ल्स के लिए ग्रेजुएशन पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सीनियर छात्राओं ने पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की धुन पर थिरकते हुए महाविद्यालय में प्रवेश किया और जूनियर छात्राओं ने उनका तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के निदेशक डॉ. नरेंद्र सिंह भाटी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि कॉलेज में बिताए गए पल हमेशा यादगार रहेंगे। उन्होंने छात्राओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। ग्रेजुएशन पार्टी में जूनियर छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समा बांध दिया।



नृत्य, गायन और मनोरंजक खेलों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। सीनियर छात्राओं ने भी मंच पर अपने अनुभव साझा किए और महाविद्यालय में बिताए गए पलों को याद किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस आरएसबी प्रतियोगिता रही, जिसमें विजेता के नाम की घोषणा महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. योगेंद्र सिंह चंदेल द्वारा की गई। सीनियर छात्रा भूमिका जाट ने मिस आरएसबी का खिताब अपने नाम किया। उन्हें विशेष सम्मान और पुरस्कार प्रदान किए गए।

## किसान परेशान, नशे की गिरफ्त में युवा फिर भी कार्रवाई शून्य

**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** क्षेत्र का किसान परेशान है, हर विभाग भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा हुआ है, क्षेत्र का युवा नशे की गिरफ्त में आकर अपना जीवन बर्बाद कर रहा है, सरकारी योजनाओं लाभ पात्र हितग्राहियों को नहीं मिल रहा हैं। लेकिन क्षेत्र के अधिकारी नेताओं की सभा के लिए भीड़ जुटाने में लगे हुए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सीएम राइज स्कूलों के नाम बदलकर सांदीपनी स्कूल कर दिए है।

निश्चित तौर पर यह प्रदेश साधु संतो की धर्म स्थली रही है लेकिन उनके द्वारा दिए गए बयान से यह सिद्ध होता है कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अंग्रेजों की मानसिकता के थे। कांग्रेस नेता द्वारका जाट ने भाजपा नेताओं पर जनता के साथ वादा खिलाफी कर उनके शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता को सुख सुविधाओं से मतलब होता है। प्रतियोगिता कराने से आमजन की समस्याओं का कोई हल नहीं होने वाला। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा की सरकार में बुधनी विधानसभा के अंदर प्रतियोगिताओं के नाम पर सरकार के करोड़ों रुपए बर्बाद किये जा चुके हैं। लेकिन इसका सीधा लाभ आम जनता को मिल सका है क्या। कांग्रेस नेता ने कहा कि क्षेत्र का विकास सबसे पहली प्राथमिकता होना चाहिए। उन्होंने भाजपा नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जल जंगल और जमीन से भोले भाले लोगों को बेदखल किया जा रहा है।



क्षेत्र में रेलवे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया लगातार जारी है। लेकिन किसानों को उनका वास्तविक मुआवजा देने में सरकार आनाकानी कर रही है। एक तरह से किसानों की जमीन जबरदस्ती सरकार के द्वारा छीनी जा रही है। इतना ही नहीं आम जनता की आस्था से खिलवाड़ करते हुए उनकी जान की परवाह किए बिना ही उन्हें कंडम वाहनों में सफर करने के लिए प्रशासन के द्वारा मजबूर किया जा रहा है। नवरात्रि के त्यौहार के चलते देवी धाम सलकनपुर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शनों के लिए पहुंच रही है। प्रशासन के द्वारा यहां पर निजी वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया है लेकिन यहां पर खड़े कंडम वाहनों को अनुमति देकर 70 प्रति सवारी का भारी शुल्क वसूला जा रहा है। कंडम वाहनों में सफर करने से जनता की जान के साथ खुद प्रशासन ने खिलवाड़ कर रहा है। पिछले 7 वर्षों से किसान लिफ्ट परियोजना का इंतजार कर रहा है लेकिन जनप्रतिनिधियों को इसकी सुध नहीं हैं। गांव गांव अवैध शराब बिक रही है इसके अतिरिक्त नशे का कारोबार दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। गांव का युवा नशे के ग्रस्त में आकर अपना जीवन बर्बाद कर रहा है लेकिन सरकार का इस औरकोई ध्यान नहीं है। वेयर हाउस संचालकों की मनमानी के कारण किसानों को मोटी रकम देकर अपनी उपज तुलवाना पड़ रही है।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि अभी तक नई कृषि उपज मंडी का निर्माण भी नहीं हो सका है। आखिर किसान अपनी उपज लेकर सड़क के किनारे कब तक खड़ा रहेगा। किसानों को खेती के लिए जानकारी उपलब्ध कराने ग्राम सेवक मौजूद ही नहीं है ऐसे में सरकार की योजनाओं का लाभ उन किसानों को नहीं मिल पा रहा। कांग्रेस नेता ने कहा कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व सरकार को आम जनता के हितों के लिए बैठाया गया है लेकिन इस समय भाजपा के नेताओं को आम जनता से कोई सरोकार नहीं है।

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 07 अप्रैल को

**सीहोर ।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 07 अप्रैल 2025 को दोपहर 02.00 बजे जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में महिला एवं बाल विकास, पशुपालन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सहकारिता विभाग की समीक्षा की जायेगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत 15वां वित्त कार्ययोजना पर चर्चा की जायेगी। अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति प्राप्त कर की जा सकती है।

## भविष्य को लेकर बच्चों ने पूछे सवाल, वरिष्ठों ने दिए प्रभावशाली सुझाव

### शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूल चलो अभियान के तहत किया पाठ्य पुस्तकों को वितरण

**जागरण, भैरुंदा ( नसरुल्लागंज )।** बुधवार को शासन के निर्देशानुसार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूल चलो अभियान के तहत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों के बीच संवाद हुआ, जिसमें शिक्षा के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में स्कूल पहुंचे विद्यार्थियों ने भविष्य से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका संस्था प्राचार्य गंभीर सिंह द्वारा प्रभावशाली उत्तर देकर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्रवेश उत्सव के दौरान स्कूल पहुंचे समस्त



विद्यार्थियों का तिलक लगाकर माला पहनाकर न केवल स्वागत किया गया, बल्कि मिठाई खिलाकर उन्हें शाला में प्रवेश दिया गया। उत्साहित बच्चों की खुशी देखते ही बन रही थी। इस दौरान शिक्षकों ने भी अपने पूर्व के अनुभवों व पढ़ाई की पुरानी यादों को बच्चों के बीच सांझा किया। इस दौरान सभी बच्चों को पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया गया साथ ही गुणवत्तायुक्त भोज भी कराया गया। कार्यक्रम में बीएससी बलराम पंवार सहित शाला स्टाफ मौजूद रहा।

### पीएम श्री विद्यालय में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित

नगर के पीएम श्री शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय में भी स्कूल चलो अभियान के तहत भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ वी पी श्रीवास्तव, सेवानिवृत शिक्षक करण सिंह सोलंकी तथा विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के चंद्रशेखर शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चंद्रशेखर शर्मा ने बच्चों से चर्चा की एवं उनके साथ अपने अनुभव साझा कर विद्यार्थी जीवन में मूल्य आधारित शिक्षा के महत्व को बताया। सेवा निवृत्त शिक्षक करण सिंह सोलंकी ने भी अपने अनुभव को सांझा कर विद्यार्थियों से बातचीत की। एसडीओ वी पी श्रीवास्तव द्वारा बच्चों को उपहार वितरित कर उनको शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामनाथ मालवीय तथा आभार शिक्षक राकेश वर्मा ने व्यक्त कर बच्चों को नवीन सत्र की बधाईयां दी। इस दौरान राजेश पारे, राहुल वर्मा, श्रीमति बबीता उपलवादिया, श्रीमती द्वारका मीणा एवं रवि तोमर उपस्थित रहे।

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**जागरण बुधनी ।** पी.एम. श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुधनी में प्रवेश उत्सव के द्वितीय दिवस भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वॉटर एंड प्रोजेक्ट एन जी ओ से चेतन अत्रे एवं जिला सहकारी बैंक शासकीय बुधनी में आलोक सक्सेना थे कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को भविष्य से भेंट विषय पर जानकारी दी गई छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहित होकर प्रश्नों के उत्तर दिए एवं विभिन्न जानकारियां प्राप्त की मुख्य अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य उत्साहवर्धक संबोधन प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिवार छात्र-छात्राएं उपस्थित थे अंत में आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य नवीन तनेजा द्वारा किया गया।

### पंचायत ने दीवारें खड़ी करने के बाद बंद कर दिया काम

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया बिहारी कालोनी के प्राथमिक शाला का मध्याह्न भोजन कक्ष

**जागरण, इटारसी।** बिहारी कालोनी स्थित प्राथमिक शाला में आठ साल पहले मध्याह्न भोजन कक्ष का निर्माण कार्य पंचायत द्वारा किया जा रहा था। लेकिन दीवारों को खड़ा करने के बाद काम को बंद कर दिया। भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े इस कक्ष का निर्माण कार्य अब तक पंचायत ने नहीं कराया। ऐसे में स्वसहायता समूह से बच्चों के लिए खाना आता है।

शासकीय स्कूलों की शिक्षा का स्तर और गुणवत्ता पर सुधार नहीं होने के कारण बच्चों की संख्या अब नाममात्र की रह गई है। प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं के हालात और खराब है। वहीं शाला भवनों की देखरेख भी नहीं हो रही है। इन्ही में एक है पथरौटा के बिहारी कालोनी स्थित प्राथमिक शाला की। जहां तक बच्चों के पहुंचने के लिए सड़क भी नहीं है। इसके अलावा यहां पिछले आठ साल पहले ग्राम पंचायत द्वारा मध्यान्ह भोजन कक्ष का निर्माण किया जा रहा था। लेकिन तत्कालीन सचिव विवेक चिमानिया और सरपंच की मिलीभगत से इस कक्ष की दीवारे ही खड़ी हो पाई। इसके बाद उसका निर्माण कार्य अब तक नहीं हुआ, जबकि उसकी राशि पूरी निकल चुकी है।



मध्यान्ह भोजन कक्ष नहीं होने के कारण यहां खाना नहीं बन पाता, इसलिए स्वसहायता समूह द्वारा मध्यान्ह भोजन पहुंचाया जाता है। इस संबंध में जब स्कूल के प्रधानपाठक हरीश पटेल से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि तत्कालीन सचिव विवेक चिमानिया के कार्यकाल के दौरान मध्याह्न भोजन कक्ष का निर्माण होना था। लेकिन अब तक पूरा नहीं हो सका। पंचायत में कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई हल नहीं निकला है। इसलिए यह सालों बाद भी निर्माणाधीन है। अब देखना होगा कि कब तक निर्माण पूरा होगा।

## हथियारबंद नकाबपोशों ने की रॉयल सिटी और साईनाथ कालोनी में चोरी

**जागरण, इटारसी।** सनखेड़ा नाका क्षेत्र में रॉयल सिटी और साइनाथ कॉलोनी में चोरी के वारदात हुई है। यहां हथियारबंद नकाबपोश चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। बदमाशों के फुटेज सीसीटीव्ही कैमरे में भी कैद हुए है। इन दो वारदातों से दोनों कालोनियों में दहशत का माहौल है।

शहर में एक बार फिर चोरी की घटनाए शुरू हो चुकी है। इस बार हथियार लेकर नकाबपोश चोरी कर रहे हैं। इनमें रायल सिटी और साईनाथ कालोनी में चोरी की वारदात हुई है। यहां रहने वाले हैं रेलवे कर्मचारी विनोद कुशवाहा के घर नकाबपोश बदमाश घुसे और उनके घर में चोरी की। नकाबपॉश चोर हथियार लेकर कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। इनकी संख्या 6 के आसपास है। यह आधा दर्जन चोर कॉलोनी में बेखौफ घूमते रहे और चोरी करने के बाद यहां से आसानी से चले गए, यहां रहने वाले कॉलोनी के लोगों में भय व्याप्त है, क्योंकि नकाबपोश हथियार लिए हुए थे। ऐसे में चोरी की वारदात को अंजाम देते समय वह हमला भी कर लोगों को नुकसान भी पहुंचा सकते है। इस संबंध में नगर निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला द्वारा बताया गया कि अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उक्त बदमाशों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर
प्रत्यर्थी को अपील की सूचना ( नोटिस )
( अधिनियम क्रमांक 5. सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14 )
अपील क्रमांक MA /9010/2024
Process Id: 38001/2025
By- Publication
Respondent No. 1 (Sole)
Fixed for 07-04-2025
SMT. TAHIRA BEE and others अपीलार्थी
PUBLIC IN CHARGE प्रत्यार्थी
On Admission

सन् 2023 के MJCGW क्रमांक 3 सन् 2023 में न्यायालय II District Judge Shri Ravindra Kumar Sharma, Sehore (MADHYA PRADESH) की डिक्री/आदेश दिनांक 28-08-2024 के विरूद्ध अपील।
प्रति,
Public at Large, District- Schore (MADHYA PRADESH) प्रत्यार्थी
**अपील की सुनवाई का दिनांक**-कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीवित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 07-04-2025 नियत की गई है। आपत्तियां, प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए।
**कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक**-कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 07-04-2025 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं। एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें।
सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है। सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये:-

| कागज का विवरण दिनांक सुभेदक विड तथा पृष्ठ संख्या | पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें) | कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय में भरा जाय) |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |

यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हो, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 07-04-2025 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें।
आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। आज दिनांक .........को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया। **प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अभिषेक राय आ0 श्री किशन राय निवासी कलार मोहल्ला कस्बा सीहोर ने एक विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 20/03/2024 को श्री गोवर्धन राय आ0 श्री मुन्नालाल राय, निवासी कलार पुरा कस्बा सीहोर से उनके स्वामित्व की भूमि खसरा क्रमांक 66/2 रकबा 0.575 है0, खसरा क्रमांक 64/2 रकबा 0.152 है, खसरा क्रमांक 64/3 रकबा 0.152 है0 इस प्रकार कुल किता कुल तीन रकबा 0.879 है0 स्थित ग्राम अवंति पुरा तह0 व जिला सीहोर में स्थित है किया है तथा मेरे पक्षकार ने विक्रेता को बयाना राशि रू0 11,50000/-भी अदा कर दी हैं। इसके उपरांत विक्रेता श्री गोवर्धन राय द्वारा अनुबंधित भूमि का पंजीयन विक्रय पत्र नियत दिनांक को मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित नही कराया है जबकि मेरा पक्षकार विक्रय मूल्य की शेष राशि अदा कर पंजीयन विक्रय पत्र निष्पादित कराने को तैयार है तथा इस हेतु वह उप पंजीयक कार्यालय सीहोर में उपस्थित भी रहा। जब श्री गोवर्धन राय द्वारा मेरे पक्षकार के हित में पंजीयन विक्रय पत्र निष्पादित नही कराया गया तो मेरे पक्षकार ने श्री गोवर्धन राय के विरूद्ध एक व्यवहार वाद क्रं0 93अ/2025 अभिषेक राय विरूद्ध गोवर्धन राय माननीय व्यवहार न्यायाधीश महोवर्ग - 1 , सीहोर के न्यायालय में वास्ते संविदा के विर्निदिष्ठ पालन हेतु तथा स्थयी निषेधाज्ञा का संस्थित किया जो सुनवाई हेतु दिनांक 22/04/2025 को नियत होकर श्री गोवर्धन राय की उपस्थिति हेतु नियत है। मेरे पक्षकार को यह आशंका है कि श्री गोवर्धन राय उक्त वादग्रस्त अनुबंधित भूमि को अन्य किसी व्यक्ति को विक्रय करने हेतु प्रयासरत है। अत : सर्वसाधारण को सूचित हो कि कोई भी व्यक्ति /संस्था उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई भी संव्यवहार भूमि स्वामी से ना करे अब उपरोक्त भूमि न्याय निर्णय के अधीन हैं। कृपया सूचित हो

भवदीय
उपेन्द्र सिंह ठाकुर अधिवक्ता सीहोर
मोबाईल नं0 : 9229455187

## न्यूज कार्नर

### वन विभाग की दोनो कार्रवाई में आरोपी फरार

**जागरण, आष्टा।** वन विभाग को बुधवार देर रात को श्यामपुरा बीट में एक बाईक से सागौन लकड़ी का परिवहन किया जा रहा था। वन विभाग को देखकर वाहन चालक बाईक एवं सागौन लकड़ी को छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया, जिसके बाद मौके से बाईक हीरो स्पलेंडर एवं सागौन चरपट लकड़ी 3 नग कीमत 17 हजार रूपये को मौके से जप्त की। इसी प्रकार दूसरी कार्रवाई में वन विभाग की रात्रि गश्ती टीम को सूचना प्राप्त हुई कि सागौन खिड़की के अवैध पल्लों के देर रात परिवहन किया जा रहा हैं, जिस पर वन विभाग की टीम ने घेराबंदी करने हेतु निर्देशित किया गया, लेकिन वन विभाग की टीम की भनक लगने पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उक्त लकड़ी के पल्लों को बीट रोलागांव के वनकक्ष में पत्तों एवं झाड़ियों से छिपा दिया, मुखबिर की सूचना पर सागौन खिड़की की 6 फ्रेम एवं 6 पल्ले छाड़ियों एवं पत्तों में दबे मिले, जिसको वन विभाग ने जप्त कर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया।

**आरोपी ने कहा:** ईसाई धर्म अपनाओगे तो बहुत सारे पैसे मिलेंगे, सारी परेशानी होगी दूर

# धर्म परिवर्तन के मामले में पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज, आरोपी फरार



**जागरण, आष्टा।** सिद्धीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामपुरा में धर्मपरिवर्तन करने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देने वाले के विरूद्ध गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा की गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने म.प्र. धार्मिक स्वतन्त्रता अध्यादेश 2021 की धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया हैं। इस थाना क्षेत्र के तीन ग्रामों में इस प्रकार की गतिविधि लंबे समय से चल रही हैं। स्थानीय पुलिस और प्रशासन की निष्क्रीयता के चलते सारा मामला देवास जिले के पानी गांव से संचालित होने लगा हैं। पूर्व में भी इसी प्रकार की एक वारदात को लेकर देवास जिले में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्यामपुरा निवासी जागरसिंह खरतिया पिता दलसिंह खरतिया (बारेला) को ग्राम के ही कैलाश बारेला पिता गटा बारेला ने धर्मपरिवर्तन करने के लिए लालच दिया, लेकिन जागरसिंह ने कैलाश की बात को अनसूना कर दिया, लेकिन आरोपी कैलाश बारेला बार बार जागरसिंह से ईसाई बनने के लिए प्रलोभित करने लगा और उसने कहा कि ईसाई धर्म अपना लो, रहने, खाने के पैसे दिलवाऊगा, जीवन से हर बीमारी, परेशानी दूर हो जाएगी। जागरसिंह का यह भी कहना हैं कि ऐसा कहकर कैलाश ने ईसाई धर्म से संबंधित धार्मिकग्रथ और फोटो दिखाए और कहा कि अगर ईसाई धर्म अपनाते हो तो तुमे बहुत सारे पैसे मिलेगें। बार बार इस तरह से प्रलोभित करने के चलते आरोपी कैलाश बुधवार की सुबह 9 बजे के लगभग रूपकुंड के पास मिला और एक बार फिर हिंदू से ईसाई बनने के बारे में कहने लगा। यह बात वही पर खडे फूलसिंह सोलंकी, राहुल मालवीय और अन्य लोगो ने भी सूनी। इस घटना की रिपोर्ट करते हुए जागरसिंह ने पुलिस को दिए आवेदन में यह भी उल्लेख किया हैं कि कैलाश लालच और बहकावा देकर जबरजस्ती हिंदू धर्म से ईसाई धर्म में परिवर्तन करने के लिए दबाव बनने लगा। पुलिस ने इस मामले में आरोपी कैलाश के विरूद्ध म.प्र. धार्मिक स्वतन्त्रता अध्यादेश 2021 की धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया हैं।

घटना की जानकारी होने पर बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों से जुडे लोग सिद्धीगंज पहुंच गए। सूत्रो के अनुसार इस मामले को लेकर पुलिस को सुबह 10 बजे ही जानकारी मिल गई थी, लेकिन पुलिस इस मामले में प्रकरण पंजीबद्ध करने में विलंब करती रही और फिर शाम 4 बजे के बाद प्रकरण दर्ज करने की तैयारी की गई। सारा घटनाक्रम थाने से कोई 10 की.मी. की दूरी पर घटा और 10 बजे सुबह पुलिस को इसकी जानकारी भी हो गई। बाद में स्थानीय पुलिस और प्रशासन के अधिकारी सिद्धीगंज पहुंचे, फिलहाल आरोपी फरार हैं और पुलिस की टीम रात 9 बजे के बाद आरोपी को पकड़ने के लिए रवाना होने की सूचना हैं।

### एसडीएम को जैन समाज ने सौंपा ज्ञापन

# महावीर जयंती पर मांस का विक्रय बंद रखने की मांग



**जागरण, आष्टा।** भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक दिवस जैन समाज 10 अप्रैल गुरुवार को मनायेगा। भगवान महावीर जयंती पर गुरुवार को क्षेत्र के सभी पशुवध गृह एवं मछली, मांस आदि का विक्रय बंद रहे कि मांग को लेकर श्वेतांबर जैन श्रीसंघ के अध्यक्ष पवन सुरणा के नेतृत्व में ज्ञापन एसडीएम श्रीमती स्वाति उपाध्याय मिश्रा एवं सीएमओ राजेश सक्सेना को तहसील पहुंच कर जैन समाज के पदाधिकारियों, सदस्यो ने सौपा। जैन समाज ने ज्ञापन के साथ प्रदेश शासन के अधिसूचना की प्रति भी संलग्न की। इस अवसर पर पारसमल सिंघवी, निर्मल रांका एडवोकट, लोकेंद्र वनवट, प्रतापमल चतरमूथा, नगीन डूंगरवाल, सुशील संचेती, प्रदीप धाड़ीवाल, विपिन सिंगी, राहुल रांका, श्रेयांश बनवट, माहिम देशलहरा, कुलदीप वनवट, अंकित बोहरा, रिलेश बोथरा, कुलदीप कोचर, अमूल बेदमुथा, रजत देशलहरा आदि मौजूद थें।

# आर्यिका विशाखाश्री माताजी ससंघ का हुआ नगर आगमन

**जागरण, आष्टा।** इतना जीवन बीत गयाए जैन धर्म के चौबीसी भगवान के मोक्ष कल्याणक मना लिया। मन के अंदर जिनेन्द्र देव को भेज लो, जगा लो, अन्यथा यही धरा का धरा रह जाएगा। मंदिर में पूजा, भक्ति एवं आराधना करते हैं फिर भी कल्याण क्यों नहीं हो रहा हैं। आज आस्था, समर्पण और विश्वास में कमी आ रही है। जैन धर्म के अनुयाई जय जिनेंद्र बोलते हैं, हिंदू-सनातन धर्म वाले जय श्रीराम, तो मुस्लिम समाज वाले आदाब करते हैं। कहने के लिए अलग-अलग बोलते हैं लेकिन अर्थ एक ही है। जैन धर्म बहुत ही सटीक धर्म है। इस आशय के विचार नगर प्रवेश के पश्चात सांई कालोनी में स्थित दिगंबर जैन मंदिर में आर्यिका विशाखाश्री माताजी ने श्रवण कराए।

आर्यिका विशाखाश्री माताजी ने कहा कि मुझे यह मालूम है कि आचार्य विद्यासागरजी महाराज के शिष्य मुनि भूतबली सागरजी महाराज ने इस मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा करवाकर प्रतिमाओं में सूर्य मंत्र दिया और आष्टा के किला मंदिर में ही समाधि ली। हम चौबीसी भगवान के कुल के है। कोई गाली देता हैं, तो आप नाराज होने की बजाय शब्दों पर जाएंगे तो विवाद नहीं होगा। जिनेन्द्र का भक्त होता हैं, जो जिनेन्द्र भगवान की बातों पर अनुशरण करते हैं। आर्यिका विशाखा श्री माताजी ने आगे कहा अनेकांत वाद जैन धर्म है। जिन के दर्शन करते-करते अपने ह्रदय के जिन का दर्शन करें। हर जीव कभी न कभी अपना कल्याण करेगा। हम जिन रुपी शक्ति को प्रणाम करते हैं। आर्यिका विशाखा श्री माता जी, आर्यिका समिति माताजी और क्षुल्लिका संयम श्रीजी ससंघ का भोपाल नाका से प्रवेश हुआ। आर्यिका विशाखा श्री माताजी ससंघ बेदाखेड़ी से भोपाल नाका पर अगवानी समाज जनों ने करके जुलूस के रूप में प्रमुख मार्गों से होते हुए सांई कालोनी स्थित दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे। आर्यिका विशाखा श्री माताजी ने इंदौर की ओर विहार किया। वहीं आर्यिका समिति माताजी एवं क्षुल्लिका संयम श्रीजी पानीगांव के लिए गुरुवार 3 अप्रैल की सुबह विहार करेंगी।

# ग्राम पंचायत बागेर एवं भंवरा में जल गंगा संवर्धन अभियान का विधायक ने किया शुभारंभ



◆ प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के वितरित किए स्वीकृति पत्र

**जागरण, आष्टा।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 30 मार्च से 30 जून तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, भाजपा भंवरा मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच पिंटू परमार, चंदरसिंह ने ग्राम पंचायत बागेर एवं भंवरा में अभियान का शुभारंभ किया। दोनों ग्राम पंचायतों में पीएम आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जाएंगे। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के तहत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफसफाई एवं जीर्णोद्धार करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जाएंगे। जल संरक्षण जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस अभियान का क्रियान्वयन अनेक विभाग मिलकर करेंगे। ग्राम भंवरा में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ईलाही माता मंदिर पहुंच कर माँ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील परमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थें।

# नशा जीवन को नष्ट कर देता है



**जागरण, आष्टा/जावर।** नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे सारे जीवन को नष्ट कर सकती है। यही नहीं भावी पीढ़ी को भी प्रभावित करती हैं, आज की युवा पीढ़ी किसी न किसी नशे से प्रभावित है। आप विद्यार्थी जीवन में है इसलिए आपको अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है आज आप हायर सेकेंडरी स्कूल में है कल से आप उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय और बड़े शहरों में भी जाएंगे वहां आपके सामने बड़ी चुनौतियां होंगी जिसका सामना आपको एक स्वच्छ और स्वस्थ शरीर के साथ करना है और हर नशे से खुद को और अपने समुदाय को दूर रखना हैं। इस आशय के विचार एसडीओपी आकाश अमलकर ने विद्यालय में विद्यार्थियों के मध्य मद्य निषेध कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस अवसर पर एसडीएम स्वाति मिश्रा, थाना प्रभारी नीता गहरवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश सोनी ने भी अपने विचारों को साझा किया। कार्यक्रम में एसडीएम स्वाति मिश्रा, टीआई नीता गहरवाल, सीएमओं हरीश सोनी, प्राचार्य नितिन कौशल, अजयकुमार मिश्रा, लोकेंद्रसिंह ठाकुर, विकास जायसवाल, राजेंद्र बरेठा, सुजाता मालवीय, स्वीटी कुंभारे, पल्लवी वर्मा, मुनेद्र तोमर, राहुल कुमावत, गजेंद्र विश्वकर्मा सहित विद्यार्थीगण मौजूद थें।

### सीएमओ ने की छात्राओं से मुलाकात



**जागरण शाजापुर।** बुधवार को महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाजापुर में भविष्य से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी डॉ मधु सक्सेना ने छात्राओं से मुलाकात की एवं बच्चों को उपहार स्वरूप पेन वितरित किए एवं छात्राओं को भविष्य के बारे में जानकारी देते हुए टाइम मैनेजमेंट एवं एकाग्रता से पढ़ाई करने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य श्रीमती पूनम त्रिवेदी ने भी छात्राओं को समस्त एक्टिविटी में भाग लेने की बात कही इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन मनमोहन साल्वे एवं फिरोज कुरैशी ने किया एवं आभार प्रीति मिश्रा ने माना।

//प्रतिवाद जाहिर सूचना दिनांक 01.4.25 दैनिक भास्कर//

अर्जुनसिंह पिता भारतसिंह नि. कुकडेश्वर एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दि. 01.4.25 के दैनिक भास्कर समाचार पत्र उज्जैन अंक में गुंलजारसिंह राजपूत एड. जिला न्यायालय परिसर शाजापुर द्वारा अर्जुनसिंह पिता भारतसिंह नि. ग्राम कुकडेश्वर द्वारा भूमि सर्वे न. 833/2 व सर्वे न. 833/3 कुल रकबा 0.40 हे. स्थित ग्राम छतगांव के संबंध में विक्रय पत्र में किसी को आपत्ति हों इस बाबत जाहिर सूचना प्रकाशित करवाकर 7 दिवस में आपत्ति बाबत लिखा है। इस संबंध में मेरे पक्षकार रमेश पिता बद्रिलाल मालवीय निवासी छतगांव ने उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय प्रथम सिविल जज वर्ग-1 शाजापुर के न्यायालय में प्र.क.4/23 आर.सी.एस.ए रमेश विरूद्ध महेन्द्रसिंह आदि लगा रखा है, जिसमें आगामी पेशी दि. 25.4.2025 नियत है इस कारण उक्त जाहिर सूचना का प्रतिवाद नियत अवधि 7 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर के आपसे निवेदन है की आप उक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार का क्रय-विक्रय-पत्र संपादित नहीं करे। अन्यथा न्यायालय में वाद चलने के दौरान किया गया उक्त भूमि का विक्रय पत्र या अन्य अंतरण प्रभावहिन समझा जावेगा। एवं उक्त प्रकरण में आपको एवं उक्त भूमि क्रय करने वालो को भी न्यायालयीन कार्यवाही का सामना करना पडेगा।

अतः इस प्रतिवाद जाहिर सूचना द्वारा अर्जुनसिंह पिता भारतसिंह एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कृषि भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति, कृय विक्रय पत्र आदि ना करें अन्यथा कृय विक्रय करने वालो को भी न्यायालयीन कार्यवाही का सामना करना पडेगा सो सूचित हो।

दिनांक 03.4.2025 भवदीय
संतोष तिवारी एड. तनुज तिवारी
हायकोर्ट एडवोकेट, सावित्रिशरण
मूलीखेडा रोड शाजापुर
मो. 094240-44184

# ई-ऑफिस प्रणाली की शुरुआत, विभागों में आधुनिक तकनीक से त्वरित होगी कार्रवाई



**जागरण शाजापुर।** जिले में ई-ऑफिस प्रणाली का शुभारम्भ किया गया। विभिन्न कार्यालयों में आधुनिक तकनीक का उपयोग कर त्वरित गति से कार्रवाई किए जाने के उद्देश्य से ई-ऑफिस कार्यप्रणाली लागू की गई है। कलेक्टर ऋजु बाफना ने बताया कि सुशासन की स्थापना के लिए सूचना प्रौद्योगिकी की नवीनतम तकनीकों का प्रयोग कर पेपरलेस व्यवस्था को लागू करना सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है।

जिला कार्यालय की कार्य प्रक्रिया एवं पद्धति को ई-ऑफिस पोर्टल के माध्यम से प्रारंभ करना शासन का उद्देश्य है। उक्त प्रक्रिया के अंतर्गत जिला ई-गवर्नेंस कार्यालय की समग्र ई-केवायसी अभियान संबंधी पत्र को ई-साइन प्रक्रिया से जिले के समस्त जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र जारी कर ई-ऑफिस प्रणाली की शुरूआत की गई। कलेक्टर द्वारा समस्त जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि कागज विहिन कार्यालय की स्थापना, त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य प्रणाली क्रियान्वयन के लिए समस्त पत्राचार आगामी समय में ई-ऑफिस कार्य प्रणाली के माध्यम से ही किए जाएं। ई-ऑफिस प्रणाली की शुरूआत के समय अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर अर्चना कुमारी, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर मनीषा वास्कले, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मानसी सहित ई-गवर्नेंस कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### कोषालय दृढ़ कक्ष का निरीक्षण

कलेक्टर ने वित्तीय वर्ष 2025 के समाप्ति उपरांत कोषालय के दृढ़ कक्ष का भौतिक सत्यापन किया। इस मौके पर वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी जीएल गुवाटिया सहित कोषालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### सभी विभागों में 30 अप्रैल से ई-ऑफिस प्रणाली

जिले के सभी कार्यालयों में आगामी 30 अप्रैल से ई-ऑफिस प्रणाली शुरू की जाएगी। कलेक्टर बाफना ने कार्यालय प्रमुखों को तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि जिस कार्यालय को ई-ऑफिस प्रणाली सीखने में कोई समस्या हो तो वे ई-गवर्नेंस प्रबंधक या एनआईसी सहायक सूचना अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

### सांस्कृतिक प्रस्तुति का हुआ शुभारंभ

**जागरण शाजापुर।** नगरपालिका परिषद शाजापुर द्वारा मां राजराजेश्वरी चैत्र नवरात्रि मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला प्रांगण में सांस्कृतिक मंच पर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके प्रतिदिन होने वाले सांस्कृतिक समारोह आयोजन का मंगलवार रात से हुआ। उक्त कार्यक्रम में मध्य प्रदेश मालवांचल के प्रख्यात कलाकार एवं आकाशवाणी दूरदर्शन टीवी चैनल भजन गायक बाबूलाल धौलपुरे मालवी लोकगीत भजन मंडल ग्राम झोंकर और दिनेश कुमार धौलपुरे मालवी लोक संगीत कबीर भजन मंडल ग्राम झोंकर की टीम द्वारा गणेश वंदना, देवी गीत, संत कबीर दास, संत रविदास, मीराबाई, भगवान राम-कृष्ण के भजनों की प्रस्तुति दी गई।

# डॉ. अंकुर जैन को मिली सिटी को-ऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी



**जागरण शाजापुर।** सीबीएसई द्वारा शाजापुर और आगर जिले के लिए सिटी को-ऑर्डिनेटर की घोषणा की गई है। इस बार यह जिम्मेदारी दुपाडा रोड स्थित सहज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. अंकुर जैन को सौंपी गई है। जिनके निर्देशन में सीबीएसई की परीक्षाएं व अन्य गतिविधियां संचालित होंगी।

शाजापुर जिले में सीबीएसई संबद्ध आधा दर्जन विद्यालय हैं। वहीं आगर जिले में भी सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों का संचालन होता है। जहां सीबीएसई द्वारा परीक्षा केंद्र, परीक्षाओं का संचालन व नए निर्देशों का पालन कराया जाता है। सभी गतिविधियां समय पर संचालित हो और परीक्षाओं के संचालन व परीक्षा केंद्रों के निर्धारण सही तरीके से हो ताकि विद्यार्थियों व शिक्षक-शिक्षिकाओं को समस्याओं का सामना न करना पडे इसके लिए सीबीएसई द्वारा आगर और शाजापुर जिले के लिए डॉ. अंकुर जैन को सिटी को-ऑर्डिनेटर बनाया गया है। डॉ जैन के सिटी को-ऑर्डिनेटर बनने पर दोनों जिलों के सीबीएसई विद्यालय संचालक, प्राचार्य व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए डॉ. जैन को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### डॉक्टरेट की उपाधि से भी हुए सम्मानित

सीबीएसई को-ऑर्डिनेटर ही नहीं बल्कि श्री जैन को एज्यूकेशन में योगदान के लिए अमेरिका की यूनिवर्सिटी फ्रेंक्र फोर्ड यूनिवर्सिटी अमेरिका की मानक उपाधि से भी सम्मानित किया गया। सहज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अंकुर जैन को दिल्ली में आयोजित विशेष कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया, जहां पद्म श्री अवार्ड से सम्मानित जितेंद्रसिंह शंटी द्वारा प्राचार्य अंकुर जैन को डॉक्टर की उपाधि दी गई। अंकुर जैन को शिक्षा में योगदान के लिए डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर दुपाडा रोड स्थित सहज पब्लिक स्कूल, सब्जी मंडी स्थित सहज पेटल्स व एबी रोड स्थित किड्स जोन के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं व उनके ईष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# युवतियों की चोटी खींचने वाले बाप-बेटे को नायब तहसीलदार ने भेजा जेल

**जागरण नलखेड़ा।** नवरात्रि में एक ओर जहां लोग नवदुर्गा की भक्ति में लगे हैं श्रद्धालुओ द्वारा हवन और कन्या पूजन किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पड़ोस में रहने वाली दो युवतियों की चोटी खींच कर बाल नोच लिये। मामले में रिपोर्ट होने पर नायब तहसीलदार ने आरोपीगणो को जेल भेज दिया हैं। बड़ागांव क्षेत्र में बुधवार को ट्रेक्टर से ओटला तोड़ने की बात को लेकर पड़ोसियों में विवाद हो गया। निर्मला और पवित्रा दो बहनों ने बड़ागांव पुलिस चौकी पर रिपोर्ट कर बताया कि वह नल से पानी भर रही थी तभी आरोपी पुत्र धर्मेंद्र पिता गोकुल ट्रेक्टर लेकर आया और लापरवाही पूर्वक ट्रेक्टर चला कर ओटले पर लगी फर्शी उखाड़ दी। जिसका युवती ने विरोध किया तो आरोपी पुत्र धर्मेंद्र पिता गोकुल ने दोनों बहनों के साथ मारपीट की।

मेडिकल रिपोर्ट में युवतियों की गर्दन और छाती पर नाखून के निशान से चोट लगना बताया। आरोपीगणो ने धमकी दी कि जेल से छूटते ही तुझे मार देंगे। मौके पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर कालूराम महोबर ने दोनों आरोपीयों के विरूद्ध नायब तहसीलदार के सामने इस्तगासा प्रस्तुत किया। युवतियों ने नायब तहसीलदार अरूण चन्द्रवंशी के समक्ष सुनवाई में बताया कि आरोपीगण अनाजमंडी में गल्ले का कार्य करता है, आरोपीगण घर के सामने दो.तीन ट्रेक्टर खड़े कर लेते और रास्ता जाम कर देते हैं। और अक्सर विवाद करते है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और एसडीएम सर्वेश यादव के सख्त निर्देश है कि नवरात्रि में त्यौहारों के समय शांति भंग नहीं होना चाहिए ।

वहीं फरियादी पक्ष ने आरोपी की जमानत पर आपत्ति लेते हुए कहा कि आरोपीगणों को मुक्त किया गया तो समाज में इसका अच्छा संदेश नहीं जाएगा। कानून व्यवस्था बनाए रखने और गुण्डो में न्याय व्यवस्था के प्रति भय व्याप्त करने की दृष्टि से नायब तहसीलदार अरूण चन्द्रवंशी ने दोनों आरोपीयों को जेल भेज दिया है।

### ट्रेन से गिरने पर युवक की मौत

**जागरण शाजापुर।** ट्रेन से गिरने पर युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह 11 बजे रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा हुआ मिला। शव रेलवे पोल नंबर 1271/10 के पास था। घटना की सूचना मिलते ही सुनेरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नगरपालिका के वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। सुनेरा पुलिस ने बताया कि युवक ट्रेन से मुंह के बल गिरा था जिससे उसका पूरा मुंह क्षतिग्रस्त हो गया है। चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### आठ जुआरियों को पकड़ा

**जागरण शाजापुर।** अकोदिया पुलिस के द्वारा मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आठ जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। अकोदिया पुलिस को मंगलवार देररात सूचना मिली कि परमार छात्रावास के पीछे जंगल मोहम्मदखेड़ा में कुछ व्यक्ति रुपयों से हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल रवाना होकर परमार छात्रावास के पीछे जंगल मोहम्मदखेड़ा पहुंची जहां आड़ में खड़े होकर देखा कि कुछ व्यक्ति दो अलग-अलग फड़ पर जुआ खेल रहे हैं जिस पर उन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से जुआ खेलते हुए आरोपी शिवा उर्फ शिवनारायण पिता गौरेलाल केवट, राजा पिता इकबाल, शहजाद पिता शाकिर खां, इंदर पिता दौलतराम, इरशाद पिता शफीक खां, इमरान पिता इब्राहिम खां, सनावर पिता अजगर, मोहिद पिता मुस्तकीम खां सभी निवासी शुजालपुर को पकड़कर जुआ सामग्री एवं नगदी 42570 रुपये जप्त किए। मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# चीलर नदी के उद्गम स्थल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**जागरण बेरछा।** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने बुधवार को समीपस्थ ग्राम बेरछी एवं बिरगोद की सीमा पर स्थित चीलर नदी के उद्गम स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने उद्गम स्थल को आकर्षक बनाने तथा जल संरक्षण के लिए श्रृंखलाबद्ध बोल्डर गेबियन संरचनाएं बनाने के निर्देश दिये। इसके पूर्व कलेक्टर ने ग्राम बेरछी में ग्राम पंचायत द्वारा लगभग 50 हजार रूपये लागत के जनसहयोग से स्टॉप डेम पर की गई पीचिंग तथा ग्राम बेरछी में जल संसाधन विभाग द्वारा निर्मित तालाब का निरीक्षण किया। तालाब के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि तालाब में पर्याप्त पानी की आवक नहीं है। आवक बडाने के इंतजाम करने की आवश्यकता है। ग्रामीणजनों ने आवक बडाने के संबंध में सुझाव भी दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोरए डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जनपद पंचायत सीईओ राजकुमार हलदर, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन अनमोल टोप्पो, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विजय सिंह चौहान, ग्रामीण यांत्रिकी अभिषेक यादव, बेरछा तहसीलदार नरेश कुमार सोनी, सरपंच प्रतिनिधि प्रेम बागरी सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीणजन भी मौजूद थे।